CAREERS360

# HPBOSE CLASS 10 HINDI

## MODEL PAPER 2021

# Session 2020-21

# आदर्श प्रश्न पत्र

## विषय - हिन्दी

## कक्षा - दसवीं ( नियमित )

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 85**

**विशेष निर्देश :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
2. अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बाईं और दिए गए वृत में प्रश्न पत्र सीरीज़ अवश्य लिखिए।
3. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।
4. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न पत्र में दर्शाई गई है उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
5. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

### खण्ड-क ( साहित्यिक गद्यांश )

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अन्त में दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं 12 प्रश्नों के उत्तर दें :

भारत को नदियों का देश कहा जाता है इसलिए नहीं कि इस देश में नदियों की अधिकता है बल्कि इस लिए कि इस देश में नदियों का विशेष रूप से सम्मान हुआ है। नदियाँ हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती हैं। उनसे हमारा आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक जीवन समृद्ध हुआ है, पर आज वे अपना प्राचीन महत्व खोती जा रही हैं। भारत के प्राचीन ग्रन्थों विशेषकर वेदों, ब्राह्मण ग्रन्थों और पुराणों में नदियों के बारे में प्रचुर सामग्री मिलती है। नदियों का वनों से गहरा संबंध होता है। वनों के रहते नदियां स्वयं ही फूट पड़ती हैं तथा प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियां भी

नहीं रहेंगी। नदियां न रहने पर हमारी संस्कृति बिखर जाएगी इसलिए आर्थिक उन्नति के लिए, स्वास्थ्य और सुख प्राप्ति के लिए वनों का बहुत महत्व होता है। हमें वनों के संरक्षण का हर संभव प्रयास करना चाहिए। भारत की अनेक नदियों को पवित्र माना जाता रहा है। पर आज मनुष्य ने वनस्पत्तियों और पानी के रिश्ते को भुला दिया है तथा आज ये नदियां मोक्षदायिनी नहीं रही हैं। नदियों का जल प्रदूषित हो रहा है। आज गंगा, यमुना जैसी पवित्र मानी जाने वाली नदियों का जल बुरी तरह प्रदूषित हो गया है। आज भी पूरा भारत प्रमुख नदियों के समूह में बांटा हुआ है। मध्य देश में गंगा–यमुना समूह, पूर्व में ब्रह्मपुत्र–मेघना समूह, पश्चिम में नर्मदा–ताप्ति समूह और दक्षिण में महानदी समूह हैं। दक्षिण भारत में कृष्णा नदी समूह और कावेरी नदी समूह विद्यमान है। कुछ नदियों के विस्तृत विवरण के सहारे प्राचीन भारत पर प्रकाश पड़ता है। इन नदियों के किनारे बसे नगर या तो विशाल और शक्तिशाली राज्यों की राजधानियां थीं अथवा शिक्षा और व्यवसाय के शिक्षा केन्द्र। भारतीय भू–भौगोलिक स्थिति को ठीक–ठाक समझने के लिए यहां के पर्वत–समूहों का और नदी समूहों का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। प्राचीन काल में यह देश नदियों, वनों और पर्वतों से भरा पूरा था। पर आज स्थिति कुछ दूसरी है। आज अधिकांश नदियों का जल प्रदूषित है। बढ़ती आबादी के कारण वनों को काटा जा रहा है। जल प्रदूषण से हैजा, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल रही हैं। इससे मछलियों और कृषि उपज को भी नुकसान हो रहा है। मानव बस्तियों और उद्योगों का गंदा पानी जब नदियों के प्रवाह में मिल जाता है तो उपयोग के योग्य नहीं रहता है। भारत की 80% जनसंख्या नदियों के घाटी क्षेत्रों में निवास करती है। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रदेशों के कृषि, वन तथा सिंचाई विभागों को मिला कर एक कर दिया जाए। हर क्षेत्र में जलागम–क्षेत्र अधिकतर बनाए जाएं। क्योंकि वनों को नदियों से अलग नहीं किया जा सकता। वन न केवल नदियों को उथली होने से बचाते हैं बल्कि भूमिगत जल को भी सुरक्षित रखते हैं। पानी की कमी को भी पूरा करते हैं। आज चौड़ी पत्ती वाले वृक्षों

के वन नष्ट हो गए हैं। जहां-जहां भी दुर्लभ जाति के पशु-पक्षी और वनस्पतियां मिलती हैं वे सब पहाड़ी क्षेत्र हैं। बढ़ती आबादी के कारण इनका नाश रोकना संभव नहीं है। आज आवश्यकता इस बात की है कि वन विभाग इन वनों में उगने वाली वनस्पतियों के विनाश को रोकने पर ध्यान दे। देशी पौधों की बात करना तथा इनकी पहचान करना अब पागलपन में गिना जाने लगा है। अनेक उपयोगी तथा प्राचीन वृक्षों के नाम अब केवल वनस्पति शास्त्र की किताबों में ही अपने वैज्ञानिक नामों से जाने जाते हैं। आज प्रत्येक भारतीय का कर्त्तव्य है कि वह अपनी जमीन को पहचाने, वनस्पतियों की रक्षा करें और नदियों में स्वच्छ जल प्रवाहित होने दें।

(1) भारत को नदियों का देश क्यों कहा गया है?

(2) भारत के किन प्राचीन ग्रन्थों में नदियों से संबंधित सामग्री मिलती है?

(3) नदियों के कौन-कौन से समूह हैं?

(4) नदियों के न रहने पर क्या होगा?

(5) वनों और नदियों का क्या संबंध है?

(6) भारत की भू-भौगोलिक स्थिति को समझने के लिए क्या आवश्यक है?

(7) जल प्रदूषण से कौन-कौन सी बीमारियां फैल रही हैं?

(8) प्राचीन काल में देश कैसा था?

(9) वनों का नदियों और भूमिगत जल के संदर्भ में क्या महत्व है?

(10) आज गंगा-यमुना की क्या स्थिति है?

(11) 'पशु-पक्षी' शब्द का विग्रह कर समास का नाम लिखें।

(12) 'उन्नति' शब्द का विलोम लिखें।

(13) प्राचीन वृक्षों के नाम अब कहाँ रह गए है?

(14) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें। 12×1=12

## खण्ड-ख ( रचनात्मक )

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(क) विद्यार्थी जीवन : (भूमिका, गुण, कर्त्तव्य, उपसंहार)।

(ख) दीपावली : (पर्व का आयोजन, पौराणिक महत्व, मनाने का तरीका, संदेश)।

(ग) मेरा प्यारा हिमाचल : (भूमिका, राज्य की स्थापना, अनेक देव स्थान एवं मेले, राजधानी, फलों के बाग-वन, उपसंहार)।

(घ) कम्प्यूटर आज की आवश्यकता : (भूमिका, कम्प्यूटर का आविष्कार, कम्प्यूटर का प्रयोग, उपसंहार)।

(ङ) प्रदूषण की समस्या : (भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण से हानियां, रोकने के उपाय, उपसंहार)। 10

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शिक्षा-शुल्क क्षमा करवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखो।

अथवा

आपका मित्र बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहा है। उसे बधाई संबंधी एक पत्र लिखिए।

अथवा

आपके मुहल्ले की समय पर सफाई नहीं होती। अपने नगर की नगरपालिका के प्रधान को पत्र लिखकर मुहल्ले की सफाई न होने की शिकायत कीजिए। 6

4. मनीषा सब्जी खरीदने बाजार गई है। सब्जी के मोल-भाव को लेकर मनीषा और सब्जी वाले के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखें।

अथवा

लड़के-लड़कियों के बीच शिक्षा के भेद-भाव पर दो लड़कियों के बीच लगभग 50 शब्दों का संवाद लिखिए। 5

5. आपके विद्यालय में गणतन्त्र दिवस मनाया गया। छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं, मुख्य अतिथि ने भाषण दिया और पुरस्कार-वितरण किए। उसका प्रतिवेदन लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

अथवा

मोहल्ले में सर्दी की रात चोरी हुई। चोर जेवर और नकदी ले गए। मालिक बेहोश थे। उपर्युक्त सामग्री के आधार पर प्रतिवेदन 50 शब्दों में लिखिए। 5

**खण्ड-ग ( व्याकरण )**

6. निम्नलिखित वाक्यों में किन्हीं चार को निर्देशानुसार लिखिए। 4×1=4

(क) बच्चा दूध पीकर आँगनबाड़ी गया। (संयुक्त वाक्य में बदले)

(ख) उसने अध्ययन किया और परीक्षा में सफल हुआ। (सरल वाक्य में बदले)

(ग) शोर मचाने वाले बालक पकड़ लिए गए हैं।(मिश्र वाक्य में बदले)

(घ) कंचन नवमीं कक्षा में पढ़ रही है। (उद्देश्य और विधेय छांटे)

(ङ) मोहन स्कूल नहीं गया है। (अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार लिखें)

7. अधोलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 4

(क) बच्चों ने पाठ पढ़ा। (कर्म वाच्य में परिवर्तित करें)

(ख) नानी से उठा नहीं जाता। (कर्तृ वाच्य में बदलिए)

(ग) पक्षियों से उड़ा जा रहा है। (वाच्य का प्रकार लिखिए)

(घ) मैं नहीं चलता। (भाव वाच्य में बदलिए)

(ङ) नौकर ने आँगन साफ किया। (कर्म वाच्य में बदलिए)

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखें। 3×1=3

राजा-रानी, रसोईघर, आजीवन, दोपहर

## खण्ड-घ ( पाठ्यपुस्तकों से )

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें :

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह-सुख के नाश का कारण समझते हैं। और लोग भी ऐसे-वैसे नहीं, सुशिक्षित लोग-ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म-शास्त्र और संस्कृत के ग्रन्थ साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगामियों को सुमार्गगामी बनाना और अधार्मिकों को धर्म तत्व समझाना है।

(1) पाठ और लेखक का नाम लिखें

(2) लेखक के अनुसार शोक की बात क्या है?

(3) लेखक ने ऐसे-वैसे किन लोगों को कहा है?

(4) गृह-सुख के नाश से लेखक का क्या अभिप्राय है?

(5) 'गृह' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।

अथवा

शहनाई की इसी मंगल ध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खां साहब अस्सी बरस से सुर मांग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पांचों वक्त वाली नमाज़ इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सज़दे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं-मेरे मालिक एक सुर बख्श दें। सुर में वह तासीर पैदा कर कि सुनने वालों की आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आंसू निकल आएं।

(1) पाठ व लेखक का नाम लिखें।

(2) बिस्मिल्ला खां कब से शहनाई बजा रहे हैं और क्या मांग रहे हैं?

(3) शहनाई की मंगल ध्वनि के नायक कौन हैं?

(4) नमाज के बाद बिस्मिल्ला खां सज़दे में क्या कहते हैं?

(5) 'सच्चे सुर की नेमत' का आशय स्पष्ट करें। 2+2+2=6

10. नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी करने का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'नेता जी का चश्मा' पाठ के आधार पर पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

खेती-बारी से जुड़े गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे?

6

11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत स्नेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बून्द न ताकौं लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए।

(ख) गोपियों ने स्वयं को क्या कहा है?

(ग) गोपियों ने उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की है?

(घ) 'प्रीति-नदी' में कौन सा अलंकार है?

(ङ) गोपियों ने किस के प्रति अपनी अनन्यता प्रकट की है?

अथवा

तुम्हारी यह दन्तुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात....
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघल कर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए।

(ख) दन्तुरित मुस्कान किस की है?

(ग) बच्चे का शरीर किससे भरा हुआ है?

(घ) बच्चे के शरीर के स्पर्श मात्र से क्या झड़ने लगा था?

(ङ) कवि की झोंपड़ी में बच्चा किस रूप में है? 2+2+2=6

12. निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

(क) कवि के अनुसार फसल क्या है?

(ख) माँ को बेटी अन्तिम पूंजी क्यों लग रही थी?

(ग) संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?

(घ) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?

(ङ) सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाता है तब उसे सहयोगी किस तरह संभालते हैं। कविता 'संगतकार' के आधार पर बताइए।

(च) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताईं हैं?

2×3=6

13. 'माता का आँचल' शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइए।

अथवा

नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभर कर आई है? लिखिए।

अथवा

आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है? इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए? 6

14. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें।

(क) प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है?

(ख) गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है?

(ग) जार्ज पञ्चम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या प्रयत्न किए?

(घ) भोला नाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?

(ङ) बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?

(च) अख़बारों ने ज़िंदा नाक लगने की खबर को किस तरह से प्रस्तुत किया? 2+2+2=6